भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 225
उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022

नए केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना

†225. श्री जुएल ओराम:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विभिन्न राज्यों में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार का शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में कोई नया केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में कोई नया केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ): शिक्षा मंत्रालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 47 केंद्रीय विश्वविद्यालय विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। हाल ही में, भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त, लद्दाख में सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय नामक एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। ओडिशा राज्य में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय नामक एक केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले से ही स्थापित है। तथापि, वर्तमान में ओडिशा में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई भी प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

*****